collegebatch.com

**Series : ZXW4Y** **SET~1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **61/4/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **80***

| नोट | NOTE |
|---|---|
| (I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **25 + 1** मानचित्र हैं। | (I) Please check that this question paper contains **25** printed pages **+ 1** Map. |
| (II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें। | (II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। | (III) Please check that this question paper contains **34** questions. |
| (IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।** | (IV) **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.** |
| (V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे। | (V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. # |

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **21** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **22** से **27** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** से **80** शब्दों में लिखिए।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **28** से **30** दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **8** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **300** से **350** शब्दों में लिखिए।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **31** से **33** तीन उप-प्रश्नों वाले स्रोत-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **34** मानचित्र-आधारित प्रश्न है जिसमें महत्त्वपूर्ण परीक्षण वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल हैं। यह प्रश्न **5** अंकों का है। मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, प्रश्न-पत्र के खण्ड ख, ग तथा ङ में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। परीक्षार्थी को इन प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखना है।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

## खण्ड क

**(बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न)** ***21×1=21***

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन हड़प्पा की शहरी नियोजन में एकरूपता की सबसे अच्छी व्याख्या करता है ?

(A) केन्द्रीय सत्ता का होना

(B) नगर-राज्यों द्वारा प्रबंधन

(C) जनजातीय नेतृत्व का संगठन

(D) यायावर शासन प्रणाली

**2.** दी गई जानकारी की सहायता से प्राचीन भारत के शासकों की पहचान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

- वे महत्त्वपूर्ण शासक वंश से संबंधित थे।
- वे मौर्यों के तत्कालीन उत्तराधिकारी थे।
- वे ब्राह्मण थे।

**विकल्प :**

(A) मौर्य और गुप्त  (B) नंद और चोल

(C) सातवाहन और कुषाण  (D) शुंग और कण्व

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

(i) *This question paper contains* ***34*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

(ii) *Question paper is divided into* ***five*** *Sections –* ***Sections A****,* ***B, C, D*** *and* ***E****.*

(iii) ***Section A*** *– questions number* ***1*** *to* ***21*** *are Multiple Choice type questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

(iv) ***Section B*** *– questions number* ***22*** *to* ***27*** *are Short Answer type questions. Each question carries* ***3*** *marks. Write answer to each question in* ***60*** *to* ***80*** *words.*

(v) ***Section C*** *– questions number* ***28*** *to* ***30*** *are Long Answer (LA) type questions. Each question carries* ***8*** *marks. Write answer to each question in* ***300*** *to* ***350*** *words.*

(vi) ***Section D*** *– questions number* ***31*** *to* ***33*** *are Source-based questions having three sub-questions. Each question carries* ***4*** *marks.*

(vii) ***Section E*** *– question number* ***34*** *is Map-based question that includes the identification and location of significant test items. This question carries* ***5*** *marks. Attach the Map with the answer-book.*

(viii) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in Sections B, C and E of question paper. A candidate has to write answer for only one of the alternatives in such questions.*

(ix) *In addition to this, Note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

## SECTION A

**(Multiple Choice Type Questions)** ***21×1=21***

**1.** Which of the following statement best explains the uniformity in urban planning across Harappa ?

(A) Presence of Central authority
(B) Management by city-states
(C) Organisation of tribal leadership
(D) System of nomadic governance

**2.** Identify the ancient rulers of India from the given options using the provided information.

- They belonged to important ruling lineage.
- They were the immediate successors of the Mauryas.
- They were Brahmanas.

**Options :**

(A) Mauryas and Guptas
(B) Nandas and Cholas
(C) Satavahanas and Kushanas
(D) Shungas and Kanvas

**3.** दी गई बलुआ पत्थर की मूर्ति के चित्र को देखिए। राजा की यह मूर्ति निम्नलिखित में से किस राजवंश का प्रतिनिधित्व करती है ?



(A) गुप्त (B) मौर्य

(C) कुषाण (D) सातवाहन

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. **3** के स्थान पर है।*

अशोक ने धम्म के सिद्धांत को अपने साम्राज्य में कैसे फैलाया ? निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) सैन्य विजय के माध्यम से

(B) शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से

(C) खंभों और चट्टानों पर अभिलेखों के माध्यम से

(D) राजनयिक गठबंधनों के माध्यम से

**4.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) और कारण (R)। इनको ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :* पाली में लिखा गया *त्रिपिटक*, बौद्ध धर्मग्रंथों के प्राथमिक संग्रहों में से एक है।

*कारण (R) :* *त्रिपिटक* में तीन संग्रह हैं जिनमें *विनय पिटक*, *सुत्त पिटक* और *अभिधम्म पिटक* शामिल हैं।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।

**3.** Refer to the given image of the sandstone sculpture. Which one of the following dynasties does this sculpture of the King represent ?



(A) Gupta (B) Maurya

(C) Kushana (D) Satavahana

***Note :*** *The following question is for* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. no.* ***3****.*

How did Ashoka spread the principle of dhamma across his empire ? Choose the correct option from the following.

(A) Through military conquests

(B) Through educational institutions

(C) Through inscribed edicts on pillars and rocks

(D) Through diplomatic alliances

**4.** Two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read them carefully and select the correct option :

*Assertion (A) :* The *Tripitaka* written in Pali is one of the primary collections of Buddhist scriptures.

*Reason (R) :* The *Tripitaka* consists of three collections, which include the *Vinaya Pitaka*, the *Sutta Pitaka* and the *Abhidhamma Pitaka*.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**5.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन हड़प्पा की मोहरों का सटीक वर्णन करते हैं ?

I. हड़प्पाई मुहरों पर अकसर जानवरों के चित्र बने होते थे।

II. हड़प्पाई मुहरें चिन्हों सहित पकी मिट्टी से बनी होती थीं।

III. हड़प्पाई मुहरें सैन्य विजयों के लिए जानी जाती थीं।

IV. हड़प्पाई मुहरों का उपयोग मुख्य रूप से शवाधानों में किया जाता था।

**विकल्प :**

(A) कथन I और II सही हैं।

(B) कथन I और III सही हैं।

(C) कथन II और III सही हैं।

(D) कथन III और IV सही हैं।

**6.** दिए गए विकल्पों में से उचित शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

जैन धर्म में, कर्म के चक्र से मुक्ति के लिए त्याग और तपस्या का उद्देश्य ________________ को पाना है, जो जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्ति है।

(A) अहिंसा

(B) कर्म

(C) मोक्ष

(D) धर्म

**7.** *महाभारत* को एक गतिशील ग्रंथ क्यों कहा जाता है ? निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(A) यह सभी संस्करणों में अपरिवर्तित और स्थिर है।

(B) इसे विभिन्न संदर्भों में लगातार पुनर्व्याख्यायित किया गया है।

(C) यह पूरी तरह से ऐतिहासिक तथ्यों पर केन्द्रित है।

(D) यह स्थिर ग्रंथ है जिसमें समय के साथ कोई भिन्नता नहीं आई।

collegebatch.com

**5.** Which of the following statements accurately describe Harappan seals ?

I. Harappan seals often feature animal motifs.

II. Harappan seals were made of terracotta with symbols.

III. Harappan seals were known for military victories.

IV. Harappan seals were predominantly used in burials.

**Options :**

(A) Statements I and II are correct.

(B) Statements I and III are correct.

(C) Statements II and III are correct.

(D) Statements III and IV are correct.

**6.** Fill in the blank with the appropriate word from the given options :

In Jainism, the practice of severe asceticism and non-attachment is intended to achieve ____________, which is liberation from the cycle of birth and death.

(A) Ahimsa

(B) Karma

(C) Moksha

(D) Dharma

**7.** Why is *Mahabharata* called a dynamic text ? Choose the most suitable option from the following.

(A) It remains unchanged and consistent in all versions.

(B) It has been reinterpreted across various contexts.

(C) It focuses solely on historical facts.

(D) It is a fixed text with no variations over time.

collegebatch.com

**8.** स्तंभ I का मिलान स्तंभ II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

| | *स्तंभ I* *(यात्री)* | | *स्तंभ II* *(देश)* |
|---|---|---|---|
| a. | अल-बिरूनी | i. | मोरक्को |
| b. | मार्को पोलो | ii. | उज़बेकिस्तान |
| c. | इब्न बतूता | iii. | इटली |
| d. | अब्दुर रज़्ज़ाक | iv. | समरक़ंद |

**विकल्प :**

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(B) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(C) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

(D) a-iv, b-i, c-ii, d-iii

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

| | *(सूफ़ी)* | | *(क्षेत्र)* |
|---|---|---|---|
| (A) | शेख मुइनुद्दीन चिश्ती | – | अजमेर |
| (B) | ख़्वाजा कुतुबुद्दीन बख़्तियार काकी | – | दिल्ली |
| (C) | शेख फरीदुद्दीन गंज-ए-शकर | – | अजोधन (पाकिस्तान) |
| (D) | शेख निज़ामुद्दीन औलिया | – | आगरा |

**10.** कर्नल कॉलिन मैकेंज़ी के लिए हम्पी के खंडहरों के बारे में शुरुआती जानकारी का मुख्य स्रोत निम्नलिखित में से कौन-सा था ?

(A) ब्रिटिश दस्तावेज़

(B) पुरोहितों की स्मृतियाँ

(C) विदेशी यात्रियों के वृत्तांत

(D) लेखन अभिलेख

collegebatch.com

**8.** Match Column I with Column II and choose the correct option.

| | *Column I (Traveller)* | | *Column II (Country)* |
|---|---|---|---|
| a. | Al-Biruni | i. | Morocco |
| b. | Marco Polo | ii. | Uzbekistan |
| c. | Ibn Battuta | iii. | Italy |
| d. | Abdur Razzaq | iv. | Samarqand |

**Options :**

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(B) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(C) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

(D) a-iv, b-i, c-ii, d-iii

**9.** Which one of the following pairs is ***not*** correctly matched ?

| | *(Sufi)* | | *(Region)* |
|---|---|---|---|
| (A) | Shaikh Muinuddin Sijzi | – | Ajmer |
| (B) | Khwaja Qutbuddin Bakhtiyar Kaki | – | Delhi |
| (C) | Shaikh Fariduddin Ganj-i Shakar | – | Ajodhan (Pakistan) |
| (D) | Shaikh Nizamuddin Auliya | – | Agra |

**10.** Which of the following was the main source of initial information about Hampi's ruins for Colonel Colin Mackenzie ?

(A) British documents

(B) Memories of priests

(C) Foreign travellers account

(D) Epigraphic inscriptions

**11.** *आइन-ए-अकबरी* में सरकारों की तालिकाओं में निम्नलिखित में से कौन-सी जानकारियाँ शामिल थीं ?

I. दान में दिया राजस्व अनुदान

II. मापा गया कुल क्षेत्रफल

III. किलों की संख्या

IV. अफसरों की जीवनियाँ

**विकल्प :**

(A) I, III और IV (B) I, II और III

(C) I, II और IV (D) II, III और IV

**12.** मॉन्टेस्क्यू के अनुसार, एशिया में शासक अपनी प्रजा का प्रबंधन किस प्रकार करते थे ? निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए।

(A) निजी संपत्ति को बढ़ावा देकर

(B) आर्थिक समानता सुनिश्चित करके

(C) पूर्ण अधिकार का प्रयोग करके

(D) नेताओं को शक्ति विकेन्द्रित करके

**13.** कल्पना कीजिए कि आप '*नलयिरा दिव्यप्रबंधम्*' पढ़ रहे हैं जो तमिल में एक महत्त्वपूर्ण ग्रंथ है। इस संग्रह को अकसर तमिल वेद क्यों कहा जाता है ?

(A) इसमें तमिल समाज के कानून और नियम हैं।

(B) इसका धार्मिक महत्त्व वेदों के समान है।

(C) यह ऐतिहासिक घटनाओं का दस्तावेज़ है।

(D) यह मंदिर निर्माण की नियमावली है।

**14.** निम्नलिखित स्तंभ I का मिलान स्तंभ II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

| | *स्तंभ I (विजयनगर के राजवंश)* | | *स्तंभ II (योगदान)* |
|---|---|---|---|
| a. | संगम | i. | सेना को मजबूत किया |
| b. | सलुवा | ii. | कृष्णदेव राय का संबंध इसी से था |
| c. | तुलुव | iii. | हिरिया नहर का निर्माण |
| d. | अराविदु | iv. | विजयनगर साम्राज्य का आखिरी राजवंश |

**विकल्प :**

(A) a-iii, b-i, c-ii, d-iv (B) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(C) a-iv, b-iii, c-ii, d-i (D) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

**11.** Which of the following informations were included in the tables of the *sarkars* in the *Ain-i-Akbari* ?

I. Grants of revenue in charity

II. Total area measured

III. Number of forts

IV. Biographies of officials

**Options :**

(A) I, III and IV (B) I, II and III

(C) I, II and IV (D) II, III and IV

**12.** According to Montesquieu, how did the rulers in Asia manage their subjects ? Choose the most appropriate option from the following.

(A) By promoting private property

(B) By ensuring economic equality

(C) By exercising absolute authority

(D) By decentralizing powers to leaders

**13.** Imagine reading the *'Nalayira Divyaprabandham'* a significant text in Tamil. Why is this collection often referred to as the Tamil Veda ?

(A) It contains laws and regulations of Tamil society.

(B) It holds religious significance equivalent to Vedas.

(C) It is documented as a historical epic based on events.

(D) It serves as a manual for temple construction.

**14.** Match the following Column I with Column II and choose the correct option.

| | *Column I (Dynasties of Vijayanagara)* | | *Column II (Contributions)* |
|---|---|---|---|
| a. | Sangama | i. | Strengthened military |
| b. | Saluva | ii. | Belonged to Krishnadeva Raya |
| c. | Tuluva | iii. | Constructed Hiriya canal |
| d. | Aravidu | iv. | Last dynasty of Vijayanagara empire |

**Options :**

(A) a-iii, b-i, c-ii, d-iv (B) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(C) a-iv, b-iii, c-ii, d-i (D) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

collegebatch.com

**15.** डेविड रिकार्डो के विचारों ने भारत में ब्रिटिश राजस्व नीतियों को कैसे प्रभावित किया ?

(A) रैयतों के लिए स्थिर राजस्व माँगों को अपनाना

(B) औसत लगान के आधार पर भू-स्वामियों की अधिशेष आय पर कर लगाना

(C) इस्तमरारी बंदोबस्त का व्यापक कार्यान्वयन

(D) गाँव के विकास के पक्ष में राजस्व का अस्वीकरण

**16.** "खूब लड़ी मर्दानी, वो तो झाँसी वाली रानी थी" – यह पंक्ति निम्नलिखित में से किसने लिखी ?

(A) महादेवी वर्मा

(B) हरिवंशराय बच्चन

(C) सुभद्रा कुमारी चौहान

(D) रामधारी सिंह दिनकर

**17.** निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. खेड़ा में किसान आंदोलन

II. गाँधी-इरविन समझौता

III. चम्पारन आंदोलन

IV. नोआखली में गाँधीजी की यात्रा

**विकल्प :**

(A) IV, I, II, III

(B) II, I, III, IV

(C) III, II, IV, I

(D) III, I, II, IV

**18.** संविधान सभा के संदर्भ में समितियों और उनके अध्यक्षों का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही है ?

| | *(समिति)* | | *(अध्यक्ष)* |
|---|---|---|---|
| (A) | परामर्श समिति | – | सरदार वल्लभभाई पटेल |
| (B) | झंडा समिति | – | एन.जी. रंगा |
| (C) | संचालन समिति | – | जे.बी. कृपलानी |
| (D) | सर्वोच्च न्यायालय समिति | – | जवाहरलाल नेहरू |

**15.** How did David Ricardo's ideas influence British revenue policies in India ?

(A) Adoption of fixed revenue demands for Ryots

(B) Taxing landowners' surplus income based on average rent

(C) Widespread implementation of Permanent Settlement

(D) Rejection of revenue in favour of village development

**16.** Who amongst the following wrote the line "Khoob Ladi Mardani, Woh To Jhansi Wali Rani Thi" ?

(A) Mahadevi Verma

(B) Harivansh Rai Bachchan

(C) Subhadra Kumari Chauhan

(D) Ramdhari Singh Dinkar

**17.** Arrange the following events in chronological order and choose the correct option :

I. Peasant Movement in Kheda

II. Gandhi-Irwin Pact

III. Champaran Movement

IV. Noakhali Visit of Gandhiji

**Options :**

(A) IV, I, II, III

(B) II, I, III, IV

(C) III, II, IV, I

(D) III, I, II, IV

**18.** Which of the following pairs of Committees and their Presidents is correct regarding the Constituent Assembly ?

| | *(Committees)* | | *(Presidents)* |
|---|---|---|---|
| (A) | Advisory Committee | – | Sardar Vallabhbhai Patel |
| (B) | Flag Committee | – | N.G. Ranga |
| (C) | Steering Committee | – | J.B. Kripalani |
| (D) | Supreme Court Committee | – | Jawaharlal Nehru |

**19.** निम्नलिखित में से कौन-सी महिला बम्बई से संविधान सभा की सदस्य थी ?

(A) कमला नेहरू

(B) हंसा मेहता

(C) पूर्णिमा बनर्जी

(D) विजयलक्ष्मी पंडित

**20.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) और कारण (R) । इनको ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :* अंग्रेज़ों द्वारा भारत को अपनी मृदा, जलवायु और सस्ते श्रम के कारण कपास की खेती के लिए उपयुक्त देश माना जाता था।

*कारण (R) :* अमेरिकी गृहयुद्ध (1861 – 65) के कारण अमेरिका से कच्चे कपास के आयात में उल्लेखनीय गिरावट आई, जिससे ब्रिटेन को वैकल्पिक स्रोतों की तलाश करनी पड़ी।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।

**21.** 1857 के विद्रोह में नेताओं की भूमिका के संदर्भ में रिक्त स्थान को भरने के लिए निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

नाना साहेब : कानपुर; कुँवर सिंह : ______________

(A) ग्वालियर

(B) मेरठ

(C) सिंहभूम

(D) आरा

**19.** Who amongst the following women was a member of the Constituent Assembly from Bombay ?

(A) Kamala Nehru

(B) Hansa Mehta

(C) Purnima Banerji

(D) Vijayalakshmi Pandit

**20.** Two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read them carefully and select the correct option :

*Assertion (A) :* India was considered a suitable country for cotton cultivation due to its soil, climate and cheap labour, by the Britishers.

*Reason (R) :* The American Civil War (1861 – 65) caused a significant drop in raw cotton imports from America, leading Britain to seek alternative sources.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**21.** Choose the correct option from the following to fill in the blank regarding the role of leaders in the Revolt of 1857.

Nana Saheb : Kanpur; Kunwar Singh : ____________

(A) Gwalior

(B) Meerut

(C) Singhbhum

(D) Arrah

## खण्ड ख

**(लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** *6×3=18*

**22.** (क) "इतिहासकार *महाभारत* का विश्लेषण करते समय अनेक पहलुओं पर विचार करते हैं।" उपयुक्त उदाहरणों सहित कथन की व्याख्या कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) "महाभारत काल के दौरान कई समुदायों की सामाजिक प्रथाएँ ब्राह्मणवादी विचारों से भिन्न थीं।" उदाहरणों सहित कथन की व्याख्या कीजिए। *3*

**23.** साँची स्तूप प्राचीन भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक मान्यताओं को कैसे दर्शाता है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। *3*

**24.** (क) विजयनगर साम्राज्य की जल प्रबंधन प्रणालियों का अध्ययन करने की कल्पना कीजिए। इस साम्राज्य के जल संसाधनों ने इसकी कृषि और शहरी विकास को किस प्रकार समर्थन दिया ? स्पष्ट कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) विजयनगर के व्यापार विवरणों के बारे में अध्ययन करने की कल्पना कीजिए। यह व्यापार की जाने वाली वस्तुओं और साम्राज्य के आर्थिक संबंधों के बारे में क्या जानकारी देते हैं ? स्पष्ट कीजिए। *3*

**25.** गुरु नानक देव की शिक्षाओं का वर्णन कीजिए। *3*

**26.** बम्बई के किसानों पर रैयतवारी व्यवस्था के प्रभावों का विश्लेषण कीजिए। *3*

**27.** संविधान सभा में संघवाद के संदर्भ में हुई मुख्य चर्चाओं की व्याख्या कीजिए। *3*

## SECTION B

**(Short-Answer Type Questions)** *6×3=18*

**22.** (a) "Historians consider several elements when they analyse the *Mahabharata*." Substantiate the statement with suitable examples. *3*

**OR**

(b) "Many communities during the Mahabharata period had different social practices from Brahmanical ideas." Substantiate the statement with examples. *3*

**23.** How does the Sanchi Stupa reflect the religious and cultural beliefs of ancient India ? Explain with examples. *3*

**24.** (a) Imagine studying the water management system of the Vijayanagara empire. How did the empire's water resources support its agriculture and urban development ? Explain. *3*

**OR**

(b) Imagine studying Vijayanagara's trade records. What information do they reveal about the goods traded and the empire's economic connections ? Explain. *3*

**25.** Describe the teachings of Guru Nanak Dev. *3*

**26.** Analyse the impact of the Ryotwari system on the ryots of Bombay. *3*

**27.** Explain the central debates in the Constituent Assembly regarding federalism. *3*

collegebatch.com

## खण्ड ग

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** *3×8=24*

**28.** (क) कल्पना कीजिए कि आप मुगलकाल के दौरान वन-जीवन पर एक शैक्षणिक कार्यक्रम विकसित कर रहे हैं। आप उस समय के जंगलवासियों के जीवन के किन प्रमुख पहलुओं की व्याख्या करेंगे ? स्पष्ट कीजिए। *8*

**अथवा**

(ख) कल्पना कीजिए कि आपको मुगल ग्रामीण समाज में महिलाओं के योगदान पर शोध करने का कार्य सौंपा गया है। आप कृषि और समाज में उनकी भूमिकाओं का विश्लेषण कैसे करेंगे ? स्पष्ट कीजिए। *8*

**29.** (क) अभिलेख साक्ष्यों की चुनौतियाँ अतीत को समझने की हमारी क्षमता को किस प्रकार सीमित करती हैं ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। *8*

**अथवा**

(ख) प्राचीन काल को समझने में सिक्के किस प्रकार मूल्यवान स्रोत हैं ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। *8*

**30.** (क) 1919 और 1922 के बीच भारत की राजनीतिक स्थिति को परिभाषित करने वाली प्रमुख घटनाओं और आंदोलनों की व्याख्या कीजिए। *8*

**अथवा**

(ख) दांडी मार्च का महत्त्व और स्वतंत्रता आंदोलन पर इसके प्रभाव की व्याख्या कीजिए। *8*

collegebatch.com

## SECTION C

**(Long-Answer Type Questions)** *3×8=24*

**28.** (a) Imagine if you were developing an educational programme on forest life during the Mughal era. What key aspects of the life of forest-dwellers during that time would you explain ? Substantiate. *8*

**OR**

(b) Imagine if you were tasked with researching the contributions of women in Mughal rural society. How would you analyse their roles in agriculture and society ? Explain. *8*

**29.** (a) In what ways do the challenges of inscriptional evidences restrict our ability to understand the past ? Explain with examples. *8*

**OR**

(b) In what ways do coins serve as valuable sources for understanding the ancient period ? Explain with examples. *8*

**30.** (a) Explain the major events and movements that defined India's political condition between 1919 and 1922. *8*

**OR**

(b) Explain the significance of the Dandi March and its influence on the Independence movement. *8*

## खण्ड घ

### (स्रोत-आधारित प्रश्न) *3×4=12*

**31.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**पुरातत्त्व-आनुवंशिक अनुसंधान**

जैसा कि आप देख सकते हैं कि तथ्यों का सावधानीपूर्वक पुनर्निरीक्षण कभी-कभी पूर्ववर्ती व्याख्याओं को पूरी तरह से उलट देता है। इस संबंध में, राखीगढ़ी पुरास्थल पर हाल ही में किए गए पुरातत्त्व-आनुवंशिक अनुसंधान का उल्लेख करना आवश्यक है। यह पुरास्थल हरियाणा के हिसार जिले में स्थित है। यह सबसे बड़ा हड़प्पाकालीन शहर है, जो 550 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। हड़प्पावासियों के आनुवंशिक इतिहास का अध्ययन करने के लिए राखीगढ़ी में खुदाई से प्राप्त मानव कंकाल के अवशेषों से डीएनए निकाला गया था। यह शोध कार्य डेक्कन कॉलेज डीम्ड यूनिवर्सिटी, पुणे द्वारा सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, हैदराबाद और हार्वर्ड मेडिकल कॉलेज के सहयोग से किया गया था। आँकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि हड़प्पावासी इस क्षेत्र के मूल निवासी थे।

हड़प्पावासियों की आनुवंशिक जड़ें 10,000 ईसा पूर्व तक जाती हैं। हड़प्पावासियों का डीएनए आज तक कायम है और दक्षिण एशियाई आबादी का अधिकांश हिस्सा उनके वंशज प्रतीत होते हैं। हड़प्पावासियों के दूर-दराज़ के क्षेत्रों के साथ व्यापार और सांस्कृतिक संपर्कों के कारण कम मात्रा में जीनों का मिश्रण हुआ। आनुवंशिक इतिहास के साथ-साथ सांस्कृतिक इतिहास में बिना किसी रुकावट के निरंतरता का प्राप्त होना तथाकथित आर्यों के बड़े पैमाने पर आगमन के सिद्धांत को पूर्णतः गलत सिद्ध करता है। इस शोध से यह भी पता चलता है कि सीमावर्ती इलाकों और दूर-दराज़ के इलाकों से आने वाले लोग भारतीय समाज में समाहित हो गए थे तथा किसी भी स्तर पर, भारतीयों का आनुवंशिक इतिहास न ही बाधित हुआ न खंडित हुआ। जैसे-जैसे हड़प्पावासी ईरान और मध्य एशिया की ओर बढ़ने लगे उनके जीन भी धीरे-धीरे उन क्षेत्रों में फैलने लगे।

शोधकर्ताओं की इसी टीम ने हड़प्पा संस्कृति के लोगों की थ्री-डी आकृतियों का पुनर्निर्माण किया। हड़प्पा संस्कृति के स्त्री तथा पुरुषों के पुनर्निर्मित चेहरों का उल्लेखनीय रूप से हरियाणा की वर्तमान आबादी के चेहरों के साथ समानता है। अतः इस शोध से इस क्षेत्र में 5000 वर्षों की आनुवंशिक तथा सांस्कृतिक निरंतरता दिखाई देती है।

(31.1) राखीगढ़ी का शोध प्राचीन सभ्यताओं की समझ में कैसे योगदान देता है ? *1*

(31.2) अनुसंधान दक्षिण एशिया में आनुवंशिक इतिहास के बारे में हमारी समझ को फिर से कैसे परिभाषित करता है ? *1*

(31.3) राखीगढ़ी के अवशेषों से डीएनए (DNA) निकालने और उसके विश्लेषण का क्या महत्त्व है ? *2*

## SECTION D

**(Source-Based Questions)** *3×4=12*

**31.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**Archaeogenetic Research**

As you can see, a careful re-examination of the data can sometimes lead to a reversal of earlier interpretations. In this respect, it is necessary to mention the recent archaeogenetic research carried out at the site of Rakhigarhi. The site, located in Hisar district of Haryana, is the biggest Harappan city, spread over an area of 550 Hectare. In order to study the genetic history of the Harappans, DNA was extracted from the skeletal remains excavated at Rakhigarhi. This research was carried out by The Deccan College Deemed University, Pune in collaboration with Centre for Cellular and Molecular Biology, Hyderabad and The Harvard Medical College. The analysis of the data indicates that the Harappans are the indigenous people of this region.

The genetic roots of the Harappans go back to 10,000 BCE. The DNA of the Harappans has continued till today and a majority of the South Asian population appears to be their descendants. Due to trade and cultural contacts of the Harappans with distant regions there is a mixture of genes in small quantity. The continuity without any break in genetic history as well as cultural history rules out large scale immigration of the so-called Aryans. This research also indicates that the people coming from bordering areas and distant regions were absorbed in the Indian society. At no stage, the genetic history of the Indians was either discontinued or broken. As the Harappans started moving towards Iran and Central Asia, their genes also gradually spread in these regions.

The same team of researchers reconstructed 3D features of the Harappan people. The reconstructed facial features of the Harappans, male and female, show remarkable similarity with the modern population of Haryana. Thus, this study has indicated unbroken continuity for 5000 years in this region.

(31.1) How does the research at Rakhigarhi contribute to understanding of ancient civilizations ? *1*

(31.2) How does the research redefine our understanding of genetic history in South Asia ? *1*

(31.3) What is the significance of extracting and analyzing DNA from the remains at Rakhigarhi ? *2*

**32.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**विशाल पहुँच वाली एक भाषा**

संस्कृत के विषय में अल-बिरूनी यह लिखता है :

यदि आप इस कठिनाई (संस्कृत भाषा सीखने की) से पार पाना चाहते हैं, तो यह आसान नहीं होगा क्योंकि अरबी भाषा की तरह ही, शब्दों तथा विभक्तियों, दोनों में ही इस भाषा की पहुँच बहुत विस्तृत है। इसमें एक ही वस्तु के लिए कई शब्द, मूल तथा व्युत्पन्न दोनों, प्रयुक्त होते हैं और एक ही शब्द का प्रयोग कई वस्तुओं के लिए होता है, जिन्हें भली प्रकार समझने के लिए विभिन्न विशेषक संकेतपदों के माध्यम से एक दूसरे से अलग किया जाना आवश्यक है।

(32.1) अल-बिरूनी का संस्कृत का वर्णन भारतीय संस्कृति के साथ उसके व्यापक जुड़ाव को कैसे दर्शाता है ? *1*

(32.2) संस्कृत और अरबी के बीच कौन-सी प्रमुख समानता को अल-बिरूनी ने उजागर किया ? *1*

(32.3) अल-बिरूनी ने संस्कृत को एक समृद्ध भाषा क्यों बोला ? *2*

**33.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**मौलवी अहमदुल्ला शाह**

मौलवी अहमदुल्ला शाह 1857 के विद्रोह में अहम भूमिका निभाने वाले बहुत सारे मौलवियों में से एक थे। हैदराबाद में शिक्षित शाह काफ़ी कम उम्र में ही उपदेशक बन गए थे। 1856 में उन्हें अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ जिहाद का प्रचार करते और लोगों को विद्रोह के लिए तैयार करते हुए गाँव-गाँव जाते देखा गया था। वे एक पालकी में बैठकर चलते थे। पालकी के आगे-आगे ढोल और पीछे उनके समर्थक होते थे। इसीलिए उन्हें लोग-बाग डंका शाह कहने लगे थे। ब्रिटिश अफ़सर इस बात से परेशान थे कि मौलवी के साथ हज़ारों लोग जुट रहे थे और बहुत सारे मुसलमान उन्हें पैगम्बर मानने लगे थे और समझते थे कि वह इस्लाम के आदर्शों से ओतप्रोत हैं। जब 1856 में वे लखनऊ पहुँचे तो पुलिस ने उन्हें शहर में उपदेश देने से रोक दिया। 1857 में उन्हें फ़ैज़ाबाद जेल में बंद कर दिया गया। रिहा होने पर उन्हें 22वीं नेटिव इन्फेंट्री के विद्रोहियों ने अपना नेता चुन लिया। उन्होंने चिनहाट के विख्यात संघर्ष में हिस्सा लिया जिसमें हेनरी लॉरेंस की अगुवाई वाली अंग्रेज़ टुकड़ियों को मुँह की खानी पड़ी। मौलवी साहब को उनकी बहादुरी और ताकत के लिए जाना जाता था। बहुत सारे लोग मानते थे कि उनको कोई नहीं हरा सकता; उनके पास जादुई शक्तियाँ हैं और अंग्रेज़ उनका बाल भी बाँका नहीं कर सकते। काफ़ी हद तक इसी विश्वास के कारण उन्हें लोगों में इतना अधिकार प्राप्त था।

(33.1) मौलवी अहमदुल्ला शाह को ‘डंका शाह’ क्यों कहा जाता था ? *1*

(33.2) मौलवी अहमदुल्ला शाह के बढ़ते प्रभाव पर ब्रिटिश अधिकारियों की क्या प्रतिक्रिया थी ? *1*

(33.3) मौलवी अहमदुल्ला शाह के कार्य किस हद तक भारत में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध प्रतिरोध को दर्शाते थे ? *2*

collegebatch.com

**32.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**A language with an enormous range**

Al-Biruni described Sanskrit as follows:

If you want to conquer this difficulty (i.e. to learn Sanskrit), you will not find it easy, because the language is of an enormous range, both in words and inflections, something like the Arabic, calling one and the same thing by various names, both original and derivative, and using one and the same word for a variety of subjects, which, in order to be properly understood, must be distinguished from each other by various qualifying epithets.

(32.1) How did Al-Biruni's description of Sanskrit reflect his engagement with Indian culture ? *1*

(32.2) What key similarity between Sanskrit and Arabic did Al-Biruni highlight ? *1*

(32.3) Why did Al-Biruni consider Sanskrit a rich language ? *2*

**33.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**Maulvi Ahmadullah Shah**

Maulvi Ahmadullah Shah was one of the many *maulvis* who played an important part in the revolt of 1857. Educated in Hyderabad, he became a preacher when young. In 1856, he was seen moving from village to village preaching *jehad* (religious war) against the British and urging people to rebel. He moved in a palanquin, with drumbeaters in front and followers at the rear. He was therefore popularly called Danka Shah – the *maulvi* with the drum *(danka)*. British officials panicked as thousands began following the *maulvi* and many Muslims began seeing him as an inspired prophet. When he reached Lucknow in 1856, he was stopped by the police from preaching in the city. Subsequently, in 1857, he was jailed in Faizabad. When released, he was elected by the mutinous 22$^{nd}$ Native Infantry as their leader. He fought in the famous Battle of Chinhat in which the British forces under Henry Lawrence were defeated. He came to be known for his courage and power. Many people in fact believed that he was invincible, had magical powers, and could not be killed by the British. It was this belief that partly formed the basis of his authority.

(33.1) Why was Maulvi Ahmadullah Shah called 'Danka Shah' ? *1*

(33.2) How did British officials react to Maulvi Ahmadullah Shah's growing influence ? *1*

(33.3) To what extent did Maulvi Ahmadullah Shah's action reflect the resistance against British rule in India ? *2*

## खण्ड ङ

**(मानचित्र-आधारित प्रश्न)** *3+2=5*

**34.** (34.1) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ **27** पर) में, निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(i) साँची – स्तूप

(ii) कालीबंगा – हड़प्पा पुरास्थल

(iii) (क) पानीपत – अंग्रेज़ों के अधीन क्षेत्र

**अथवा**

(iii) (ख) विजयनगर – विजयनगर साम्राज्य की राजधानी

(34.2) **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर 1857 के विद्रोह के दो केन्द्रों को 'A' और 'B' से अंकित किया गया है। इनको पहचानिए और उनके सही नाम उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए। *2*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्र. सं.* ***34*** *के स्थान पर है :*

(34.1) दक्षिण भारत के किन्हीं दो प्राचीन बौद्ध स्थलों का उल्लेख कीजिए। *2*

(34.2) (क) मुगल साम्राज्य के अधीन किसी एक क्षेत्र का नाम लिखिए। *1*

**अथवा**

(34.2) (ख) विजयनगर साम्राज्य की राजधानी का नाम लिखिए। *1*

(34.3) 1857 के विद्रोह के किन्हीं दो प्रमुख केंद्रों के नाम लिखिए। *2*

## SECTION E

## (Map-Based Questions) *3+2=5*

**34.** (34.1) On the given political outline map of **India** (on page 27), locate and label the following with appropriate symbols : *3×1=3*

(i) Sanchi – A Stupa

(ii) Kalibanga – Harappan site

(iii) (a) Panipat – Territory under the control of British

**OR**

(iii) (b) Vijayanagara – Capital of Vijaynagara empire

(34.2) On the same political outline map of **India**, two places have been marked as 'A' and 'B', as the centres of the Revolt of 1857. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them. *2*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***34*** *:*

(34.1) Mention any two ancient Buddhist sites in Deccan India. *2*

(34.2) (a) Name any one territory under the Mughal empire. *1*

**OR**

(34.2) (b) Name the capital of the Vijayanagara empire. *1*

(34.3) Name any two main centres of the Revolt of 1857. *2*

collegebatch.com

प्रश्न सं. 34 के लिए

For question no. 34

भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

**Outline Map of India (Political)**

